राज्यपाल सचिवालय
राज भवन जयपुर

राज्यपाल ने डॉ. अम्बेडकर जयंती पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी

जयपुर, 14 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर रविवार को राजभवन में संविधान उद्यान में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस अवसर पर संविधान निर्माण के उनके महती योगदान के साथ वंचित वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए उनके कार्यों को अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि संविधान के जरिए देश के समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, प्रतिष्ठा और अवसर की समता और बंधुत्व का मंत्र देने वाले डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों को जनकृ जन को अपनाने की आवश्यकता है।

———